<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–03 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त की जारी, वाराणसी समेत प्रदेश वासियों को दी लगभग 22 सौ करोड़ रूपये के परियोजनाओं की सौगात। कहा–ऑपरेशन सिंदूर की सफलता 140 करोड़ भारत वासियों की एकता और शक्ति का परिणाम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में मिशन रोजगार के तहत एक हजार चार सौ चौरान्बे युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र।
- प्रदेश में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने बनाई मंत्रियों की टीम इलेवन। 12 जनपदों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी विशेष टीम।
- अयोध्या में पांच अगस्त से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया, सामान्य प्रवेश परीक्षा उर्त्तीण कर चुके अभ्यर्थियों का होगा शारीरिक परीक्षण।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। वाराणसी में कल किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी मेहनत से काम किया है। इस अवसर पर देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग 22 सौ करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। सेवापुरी के बनौली गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को बाबा विश्वनाथ को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों की एकता और शक्ति के परिणाम स्वरूप ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ।

***मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। काशी के मेरे मालिकों मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वो पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं।***

विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नया भारत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी।

***आपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है खासकर हमारी ब्रह्मोस मिसाइलें इनकी दहशत भारत के हर दुश्मन के भीतर भर गई है मुझे खुशी है कि वो ब्रह्मोस मिसाइले हमारे यूपी में भी बनेगी, लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्यूफैक्चिरिंग शुरू हो रही है।***

पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में 3 लाख 75 हजार  करोड़ रुपये अंतरित किए जा चुके हैं, इसमें से 90 हज़ार करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश के ढाई करोड़ किसानों को और 900 करोड़ रुपये काशी के किसानों को दिए गए हैं।

***आज यहां एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। देश के दस करोड़ किसान भाईयों–बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान नीधि के रूप में भेजे गये हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने नए भारत के सामर्थ्य को देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं।

***उत्तर प्रदेश के अंदर इस बात को महसूस करते हैं करोड़ों किसान इन योजनाओं के साथ जुड़ करके आत्मनिर्भर और विकसित भारत की इस परिकल्पना को साकार करने के लिए अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं।***

इस क्रम में अलीगढ़, गाजियाबाद, अमरोहा, भदोही, बदायूं, गाजीपुर, मेरठ, हरदोई और एटा समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया, जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय वयोश्री और एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1 हजार 494 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इनमें 1 हजार 374 सहायक परिचालक और 120 कर्मशाला कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष व पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किया गया है।

अब तक प्रदेश में 8 लाख 50 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां, 3 लाख 75 हजार संविदा नियुक्तियां और मिशन रोजगार के तहत निजी क्षेत्र व एमएसएमई में 2 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जा चुके हैं।

**********

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बताया कि  पहला चरण दो से आठ अगस्त, दूसरा चरण नौ से 12 अगस्त और तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के साथ बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यो में कोई कमी न रहे। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत और बचाव कार्यो को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिये मंत्रियों की विशेष टीम इलेवन का गठन किया है, जो बाढ़ प्रभावित 12 जनपदों में राहत कार्यो की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित न रह जाये।

इस बीच पहाड़ों एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश से कई जनपदों में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना, वाराणसी, गाजीपुर और मिर्जापुर में गंगा नदी खतरे के निशान की ओर तेजी से बढ़ रही है, लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। फर्रूखाबाद में कल गंगा का जलस्तर बढ़ने की वजह से बाढ़ का पानी कई गांवों में घुस गया। प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है।

**********

अयोध्या के डोगरा रेजीमेंट सेंटर में 5 अगस्त से अग्निवीर भर्ती शुरू हो रही है, जो 18 अगस्त तक चलेगी। जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय ने बताया कि सभी प्रतिभागी पहले ही ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक परीक्षण देंगे।

***हमारे जनपद में 5 अगस्त से ले करके 18 अगस्त के बीच में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जानी है जिसके लिए सेना–स्तर से तैयारी चल रही है साथ ही साथ हमारे बहुत सारे स्टेकोल्डर्स हैं तो वो सभी की बैठकें करा ले गई हैं सबको क्या–क्या उनके दायित्व हैं ये सबको बता दिये गये हैं सभी की प्रोसिडिंगजारी कर दी गयी है।***

**********

भारत को स्पेन से 16 एयरबस सी–295 सैन्य परिवहन विमानों की अंतिम खेप प्राप्त हो गई है। ये विमान कल स्पेन के सेविले में भारतीय राजदूत दिनेश के. पटनायक और भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सौंपे गए।

**पिछले साल 28 अक्टूबर को, भारत के आत्मनिर्भर मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेन के पेड्रो सांचेज के साथ गुजरात के वडोदरा में सी 295 फाइनल असेंबली लाइन का उद्घाटन किया। टाटा–एयरबस की यह फैक्ट्री भारतीय वायु सेना के लिए सी–295 विमान का उत्पादन करेगी। 21 हजार 9 सौ 35 करोड़ रुपये के इस सौदे के तहत, 56 सी–295 विमान पुराने एवरो बेड़े की जगह लेंगे। स्पेन से 16 विमान प्राप्त हो चुके हैं, जबकि 40 यहीं भारत में असेंबल किए जाएँगे।**

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज, संतरविदास नगर, गाजीपुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, अमेठी, आजमगढ़, और सुल्तानपुर समेत आसपास के जनपदों के गरज चमक के साथ तेज बारिश की संभावना जताई है। वहीं अन्य जनपदों से हल्की से मध्यम से वर्षा का अनुमान जताया है।

**********